St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi : (2nd Term) **(Answer Worksheet –20)** **Date: 23.11.2020**
Topic: अनुच्छेद लेखन **Class -3**

"मेरी दादी " विषय पर एक अनुच्छेद लिखी |

संकेत बिंदु :-

- दादी का परिचय
- दादी की उम्र और स्वभाव
- उनकी दिनचर्या
- दादी के गुण
- बड़ो का आदर जरुरी

"मेरी दादी "

मेरी दादी का नाम बिमला है | वह कभी मेरे पास रहती है और कभी मेरे चाचाजी के घर में जाती है | दादी मुझे और मेरे सब भाई - बहनों को बहुत प्यार करती हैं | उनकी उम्र 70 साल है , पर वह बहुत चुस्त है | उनका स्वभाव बहुत मधुर है | सब उन्हें मानते हैं और उनका आदर करते हैं |

मेरी दादी की दिनचर्या बहुत अच्छी है | वह सुबह 5 बजे उठ जाती है | पूजाघर साफ़ करके पूजा करती हैं | फिर दादाजी के साथ बैठकर चाय पीती हैं | हम सबके साथ नाश्ता करती हैं | वह भजन बहुत अच्छा गाती हैं | वह समय पर सारा काम करती है | शाम को रोज घर के पास मंदिर जाती है | रात में 9 बजे तक सो जाती है |

मेरी दादी बहुत गुणी हैं | वह बहुत अच्छा खाना बनाती हैं | उन्हें सिलाई करना ,स्वेटर बुनना सब आता है| वह मुझे नई- नई कहानियाँ भी सुनाती हैं और अच्छी बातें भी सिखाती हैं |

हम लोगों को अपने बड़ों का आदर करना चाहिए | उन्हें पूरा समय देना चाहिए , उनकी बात माननी चाहिए और उनका सब काम करना चाहिए |

Poonam Mehra